भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 320
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024

भारत नेट परियोजना

320. श्री चमाला किरण रेड्डीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के लिए विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तेलंगाना राज्य को आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) तेलंगाना राज्य में परियोजना के अंतर्गत इंटरनेट सुविधा से जुड़ी ग्राम पंचायतों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार परियोजना की निगरानी के लिए फाइबर के जीआईएस मानचित्रण का उपयोग करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को ब्रॉडबैंड द्वारा जोड़ने के लिए नेटवर्क सृजित करने हेतु भारतनेट परियोजना को अनुमोदित किया गया है। वित्त वर्ष 2019-20 से दिनांक 30.06.2024 तक उक्त परियोजना के लिए तेलंगाना को 1832.52 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है। दिनांक 01.07.2024 तक तेलंगाना की कुल 10,812 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) के माध्यम से जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त उक्त परियोजना के अंतर्गत बिछाई गई ओएफसी की मैपिंग के लिए जीआईएस ऐप्लिकेशन को भारतनेट ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा परियोजना की निगरानी के लिए स्थापित किया गया है।

****